# कार्यालय जनपद न्यायाधीश, महराजगंज।
# (केन्द्रीय,नजारत अनुभाग)
## नीलामी सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2026–2027 हेतु जनपद न्यायालय, महराजगंज परिसर में स्थित दुकान ' दूकान संख्या, **1** (फोटो कापी/फोटो ग्राफी), दूकान संख्या, **3** (फोटो कापी/फोटो ग्राफी), दूकान संख्या, **4** (चाय/नाश्ता कैण्टीन), दूकान संख्या, **5** (फल, जूस, चना, सत्तू), दूकान संख्या, **6** (चाय कैण्टीन) व **20x20** भू खण्ड,(चाय/कैण्टीन की दूकान) की नीलामी दिनांक–30.04.2026 को सायंकाल 4:30 बजे पूर्व में निर्धारित शर्तो के अनुसार अधिष्ठान के सभागार में की जायेगी। नीलामी हेतु आवेदन दिनांक **30.04.2026** को ही अपरान्ह 1:00 बजे तक स्वीकार किये जायेंगे।

नीलामी प्रक्रिया के नियम व शर्ते माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद की आधिकारिक वेबसाइट **https://www.allahabadhighcourt.in/** एवं जनपद न्यायालय महराजगंज की आधिकारिक वेबसाइट **https://maharajganj.dcourts.gov.in/** पर उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त नीलामी से सम्बन्धित अन्य विवरण न्यायालय के सूचना पट्ट अथवा केन्द्रीय नजारत अनुभाग से किसी भी कार्य दिवस को प्राप्त की जा सकती है। दिनांक 30.04.2026 को होने वाले नीलामी में अधिक से अधिक बोलीदाताओं की उपस्थिति सुनिश्चित कराने हेतु नीलामी सूचना को जनपद मुख्यालय के विभिन्न सार्वजनिक स्थलों, कार्यालयों एवं प्रमुख समाचार–पत्रों में प्रकाशित किया जाये।

**1**. पहचान पत्र, **2**. पैन कार्ड, **3**. हैसियत प्रमाण पत्र अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करना होगा।

दिनांक–20.04.2026

( आबिद शमीम )
अध्यक्ष,/नीलामी समिति,
विशेष न्यायाधीश, (एस0सी एस0टी0 एक्ट),
महराजगंज।

प्रतिलिपिः सूचनार्थ प्रेषितः–

1. जिला सूचनाधिकारी, महराजगंज को समाचार पत्र में निःशुल्क प्रकाशन हेतु।
2. एन0आई0सी0, महराजगंज।
3. नगर पालिका महराजगंज के नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने हेतु।
4. नाजिर तहसील सदर महराजगंज।
5. मुख्य विकास अधिकारी विकास भवन महराजगंज।
6. बस स्टेशन, महराजगंज के नोटिस वोर्ड पर चस्पा करने हेतु।
7. कलक्ट्रेट नजारत महराजगंज के नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।
8. जिला न्यायालय महराजगंज के नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।
9. सिस्टम अधिकारी/आई0सी0टी0 स्टाफ जिला न्यायालय महराजगंज।

( आबिद शमीम )
अध्यक्ष,/नीलामी समिति,
विशेष न्यायाधीश, (एस0सी एस0टी0 एक्ट),
महराजगंज।